ईश्वरीय
खजाना
टीम
*Presents*

# विशेष पुरुषार्थ

## तीव्रता से आगे बढ़ने की श्रेष्ठ युक्तियां

यह श्रेष्ठ पुरुषार्थ की
भिन्न भिन्न युक्तियाँ
बाबा की रोज
जैसे मीठी थपकी है
अन्तर्मन में
जो समा ले इसे
जीवन में उसकी सफलता
शत प्रतिशत पक्की है...


आज का स्वमान
स्व–उन्नति के लिए 108 बार स्वमान अभ्यास
मैं आत्मा
विश्व
कल्याणकारी हूँ



# "अभी हर बच्चे को सिर्फ सेन्टर कल्याणी नहीं, ज़ोन कल्याणी नहीं विश्व कल्याणी बनना है।"

**अव्यक्त बापदादा - 16-2-2024 (05-03-12)**

अभी हर बच्चे को सिर्फ सेन्टर कल्याणी नहीं, ज़ोन कल्याणी नहीं विश्व कल्याणी बनना है। अभी संगमयुग में जो चाहे जितना चाहे उतना बाप से सहयोग मिल सकता है। अभी मन्सा सेवा को बढ़ाओ। हर एक को मन्सा सेवा का भी टाइम फिक्स करना चाहिए। जब ज्यादा दुःख होगा उस समय सभी का अटेन्शन उस हलचल में होगा लेकिन अभी मन्सा सेवा का समय है इसलिए हर बच्चे को अपने विश्व कल्याणी का स्वरूप इमर्ज करना है। विश्व कल्याण में स्व कल्याण स्वतः और सहज हो जायेगा क्योंकि अगर मन फ्री है तो व्यर्थ आता है लेकिन मन बिजी होगा तो व्यर्थ सहज ही समाप्त हो जायेगा।

Brahma Kumaris

# आज का सुगन्धित पुष्प

## Fragrant Flower For Today

आपका मन परमात्मा पिता की तरफ है इसलिए सही निर्णय शक्ति से सब परिस्थितियां पार कर लेते हो।

**आप साक्षीदृष्टा हो। 😊**

Your mind is with God and so you are able to overcome everything
with your power of decision making.

**You are a detached observer! 😊**



आज के समय पर सत्कर्म करने वालों की संख्या बहुत कम है । "लोग क्या कहेंगे" के चक्कर में अपने मूल्यों को भी Compromise कर देते हैं । किंतु स्मरण रहें चाहे कोई हमारा साथ दे या न दे , कोई हमारी प्रशंसा करें या न करें , हमें सत्कर्म ही करने होंगे । क्योंकि जब सूरज भी उदित होता है तब Majority लोग सो रहे होते हैं ।

BK Dr.Damini


Murli:-16/02/2024
आप बच्चे जानते हो कि अति के बाद ही अन्त होना है। तो हर प्रकार की हलचल अति में होगी, परिवार में भी खिटखिट होगी, मन में भी अनेक उलझनें आयेंगी, धन भी नीचे ऊपर होगा। लेकिन जो बाप के साथी हैं, सच्चे हैं उनका जवाबदार बाप है।




# Om Shanti

अगर समय, वाणी, कर्म, श्वांस वा संकल्प परमत या संगदोष में व्यर्थ तरफ गंवाते हो, स्वचिंतन के बजाए परचिंतन करते हो, स्वमान की बजाए किसी भी प्रकार के अभिमान में आते हो, श्रीमत के बदले मनमत के आधार पर चलते हो तो आनेस्ट नहीं कहेंगे। यह सब अविनाशी खजाने विश्व कल्याण के लिए शिवबाबा द्वारा मिले हैं, तो उसी में ही लगाना यही है आनेस्ट बनना।

*Join Brahma Kumaris*



जीवन में समस्या आती है, तो कहते -
"पता नहीं किसकी नज़र लग गयी ... "

यह सोच हमें कमज़ोर बनाती है,
हमारा ध्यान उन लोगों की तरफ जाता है
जो हम से ईर्ष्या करते, हमें पसंद नहीं करते।

अगर 4-5 लोग हम से ईर्ष्या करते हैं,
तो 100 लोग हैं जो हमें दुआएं देते हैं।

**जिनकी तरफ हमारा ध्यान जायेगा,**
**वही vibrations हमारे तक पहुंचेंगे।**

BKShivani

## Brahma Kumaris Websites

Main BK website  www.shivbabas.org OR

www.brahmakumari.org (by SBS team)

Int'l website: www.brahmakumaris.org

India website: www.brahmakumaris.com

BK Sustenance website:
www.bksustenance.net

All Data hosted on www.bkdrluhar.com

Murli Websites: babamurli.net

and  madhubanmurli.org

www.omshantimusic.net

www.bkgoogle.org

www.bksewa.org

www.bkinfo.in

www.bk.ooo

www.brahmakumari.org/centres

NEW www.IshvariyaKhajana.BKhq.org